कलाओं की मूल सकल्पनाओं के शब्द-कोश का प्रकाशन भी किया है। केन्द्र ने अत: सांस्कृतिक विषयों पर प्रदर्शनियों और सेमिनारों का भी आयोजन किया है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के भवन परिसर के निर्माण के लिए केन्द्र ने यद्यपि जनवरी, 1988 में अमरीकी वास्तुकार, श्री रेल्फ लर्नर के साथ वास्तुशिल्पीय सेवा करार तो किया है किन्तु कार्य अभी अवधारणात्मक योजना स्तर पर ही है।

**भारतीय भाषाओं का विकास**

2255. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय भाषाओं के विकास के लिए कोई योजनाएं तैयार की है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) :** (क) और (ख) भारतीय भाषाओं का विकास तथा उन्हें बढावा देना मुख्य रूप से राज्य सरकारों का कार्य है। तथापि, भारत सरकार भारतीय भाषाओं को बढावा देने के लिए कई कार्यक्रमों को सीधे ही और अपने द्वारा स्थापित किए गए संस्थानों के माध्यम से कर रही है।

सरकार द्वारा कार्यान्वित किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :—

(i) भारतीय भाषाओं में प्रकाशन निकालने के लिए स्वैच्छिक संगठनों के साथ-साथ व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देना।

(ii) विभिन्न भारतीय भाषाओं में विकासात्मक क्रियाकलापों के लिए स्वच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।

(iii) पुस्तकालयों तथा शैक्षिक संस्थाओं को भारतीय भाषाओं में पुस्तकों का (निशुल्क) वितरण।

(iv) भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालयीय स्तर की पाठ्यपुस्तकों को तैयार तथा उनका निर्माण करने के लिए राज्यों और विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता।

(v) अहिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी अध्यापकों की नियुक्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत प्राइमरी तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर हिन्दी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अहिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सरकारों को वित्तीय सहायता।

(vi) हिन्दी शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए स्वैच्छिक संगठनों तथा हिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सरकारों को वित्तीय सहायता।

**गरीबी के स्तर की पुनरीक्षा**

2256. श्री विश्वास राव रामराव पाटिल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मूल्य सूचकांक में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार किसी व्यक्ति या परिवार के गरीबी के स्तर की किस प्रकार से पुनरीक्षा की जाती है और पुनरीक्षा की इस प्रक्रिया के कार्य को सामान्यत: कितनी अवधि के अन्तराल पर निष्पादित किया जाता है ; और

(ख) विभिन्न गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के प्रभाव पर निगरानी रखने तथा उनका मूल्यांकन करने के लिए क्या संस्थागत व्यवस्था की गई है ?

**योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) :**

(क) किसी व्यक्ति (अथवा परिवार ) के लिए गरीबी की रेखा की मूल्य सूचकांकों में परिवर्तनों के संदर्भ में समीक्षा की जाती है जो सामान्यत: पंचवर्षीय योजना के आधार वर्ष अथवा उन वर्षों से संबंधित होते हैं जिनके लिए राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण से पारिवारिक उपभोक्ता व्यय संबंधी आंकड़े उपलब्ध होते हैं। सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े लगभग 5 वर्षों के अंतरालों पर उपलब्ध होते हैं। राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी में अनुमानित निजी उपभोक्ता व्यय में उपलक्षित समग्र मूल्य सूचकांक इस उद्देश्य के लिए मूल्य परिवर्तनों के एक सूचक के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

(ख) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता प्राप्त परिवारों का एक नमूना लेकर इस कार्यक्रम का प्रतिमास एक समवर्ती मूल्यांकन किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रबोधन के अतिरिक्त कल्याण मंत्रालय द्वारा तथा राज्यों में नोडीय विभागों द्वारा 20—सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जातियों/जनजातियों के लाभ के लिए गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों का भी प्रबोधन किया जाता है। राज्यों ने ऐसे मूल्यांकन के संबंध में जनजातिय अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संस्थानों का उपयोग किया है। कल्याण मंत्रालय ने कार्यक्रमों के प्रभाव का अध्ययन करने में भी विशिष्ट व्यावसायिक संस्थानों की सेवाओं का उपयोग किया है।

**Payment of less salary to Teachers of recognised private schools in Delhi**

2257. SHRI THOMAS KUTHIRAVATTOM : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that several recognised private schools in Delhi are paying less salary than prescribed to their teaching staff ;

(b) if so, what action Government are taking to prevent such exploitation of teaching staff ;

(c) whether Government propose to make it mandatory for schools to pay the salaries of teachers and other staff through Banks ; and

(d) what action Government have taken so far against such erring schools ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI CHIMANBHAI MEHTA) : (a) and (b) Delhi Administration has received such complaints against a few recognised private schools. Delhi Administration takes necessary action against such schools in accordance with the provisions of Delhi School Education Act, 1973 and rules made thereunder.

(c) No, Sir. However, instructions have been issued by Delhi Administration to the schools that salary should be paid to the employees through account payee cheques.

(d) Show-cause notices for de-recognition have been issued to 2 schools and directions have been issued to 6 schools to comply with the provisions of Sub-Section 1, Section 10 of the Delhi School Education Act, 1973.

**Agreement with ex-servicemen on one-rank one pension formula**

2258. SHRI KAMAL MORARKA : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether any agreement with the ex-servicemen's association has been reached about one rank one pension formula ; and

(b) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA) : (a) No, Sir.